हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 20 नवंबर 2025
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 नक्सलवाद की पीड़ा से उभरता बस्तर 'माटी' बनी नई ...


11 जनजाति गौरव दिवस आदिवासी समाज में जन्मे असंख्य ...


## खबर संक्षेप



### जिपं सीईओ ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने जिले में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान, वय वंदन कार्ड पंजीयन छूटे हुए हितग्राहियों का अगले सप्ताह तक घर घर जाकर शत प्रतिशत कार्ड पंजीयन पंचायत सचिव, मितानिन एवं आंगन बाड़ी कार्यकर्ता के साथ सामनब्य स्थापित करते हुए पूर्ण करने निर्देश दिए। टीकाकरण कार्यक्रम एएनसी माताओं का जांच व टीकाकरण, जन्म पश्चात सभी टिका समय पर करने निर्देश दिए। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके, सिविल सर्जन, नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### दो परिवारों के लिए 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतक समीर कड़ती के निकटतम वारिस उनकी माता मासो कड़ती, निवासी ग्राम गमपुर, तहसील गंगालूर को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह गाज गिरने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक गोपाल गायता के निकटतम वारिस उनकी पत्नि सुनिला गायता, निवासी ग्राम कोटेर, तहसील गंगालूर को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### प्रतिष्ठानों और गोदामों से 300 बोरी अवैध धान जब्त



**दंतेवाड़ा।** धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी रखने तथा व्यापारियों द्वारा अवैध धान विक्रय पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खाद्य विभाग और कृषि उपज मंडी गीदम की संयुक्त टीम ने गीदम क्षेत्र के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों और गोदामों में निरीक्षण किया। निरीक्षण ▶▶ शेष पेज 10 पर

# 70 वर्षों में छीना गया स्वाभिमान, अब मोदी युग में लौट रहा सम्मान : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भाजपा कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान सांसद महेश कश्यप ने जनजातीय समाज, उसके हक-अधिकार और बस्तर के भविष्य पर एक बेहद तीखा, प्रभावशाली और आत्मविश्वास से भरा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद के 70 वर्षों में जनजातीय समाज जितना हाशिए पर गया, उतना अंग्रेज और मुगल काल में भी नहीं हुआ। लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है, जनजातीय स्वाभिमान को भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक केंद्र में पुनः प्रतिष्ठा मिली है। सांसद श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इतिहास में पहली बार जनजातीय अस्मिता को राष्ट्रीय स्वीकृति देते हुए 2021 में जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत की। इस वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, और बस्तर में इसके तहत दर्जनों कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, जो जनजातीय परंपरा, संघर्ष और योगदान को उजागर कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में पहली बार जनजातीय मंत्रालय बनाकर आदिवासी समाज के लिए नीतिगत रास्ते खोले। उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए मोदी सरकार आज प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से देशभर ▶▶ शेष पेज 10 पर

## जनमन योजना से बन रही 2000 किमी सड़क



### जनजातीय विकास पर हो रहा काम

बीते 70 वर्ष में जितना जनजातीय समाज का अपमान हुआ, उतना नुकसान अंग्रेज और मुगल शासन में भी नहीं हुआ। अब मोदी सरकार में राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक केंद्र में पुनः जनजातीय समाज को प्रतिष्ठा मिली है। बस्तर का भविष्य प्रधानमंत्री जनमन योजना से 2000 किमी सड़क निर्माण, नेलानार योजना से भीतरू गांवों तक सड़क और बिजली बस्तर तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है।

उत्कृष्ट प्रबंधन: सहयोगात्मक रवैए से धान विक्रय प्रक्रिया हुई सामान्य

# जमावाड़ा धान उपार्जन केंद्र में सुगमता और सहयोग मिलने से किसान खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

क्षेत्र के जमावाड़ा धान उपार्जन केंद्र में इस विपणन वर्ष में धान विक्रय के लिए पहुंचे किसानों ने केंद्र की सुविधाओं के साथ ही प्रबंधन की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों के व्यवहार पर गहरी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की है। केंद्र में जहां किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं हैं, वहीं किसानों ने विशेष रूप से टोकन कटवाने से लेकर धान तौल करवाने तक की पूरी प्रक्रिया में मिली सुगमता और कर्मचारियों के सहयोगात्मक रवैए की सराहना की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के किसान कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 24 किसानों ने बेची उपज

ज्ञात हो कि खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के तहत बुधवार को बस्तर जिले में 24 किसानों ने लगभग एक हजार दो सौ 90 क्लिंटन धान का विक्रय किया। इन



चैबीस किसानों में से एक किसान लछिन्दर ने समर्थन मूल्य पर जगदलपुर विकासखंड के धान खरीदी केंद्र जमावाड़ा में धान बेची। लछिन्दर ने बताया कि उसके पास पाँच एकड़ जमीन है, उसने टोकन के लिए लैम्प्स में संपर्क कर कटवाया था। जमावाड़ा धान खरीदी केंद्र में बुधवार को उसने अपने धान की फसल को समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री किया। अपनी धान को केंद्र में उपलब्ध बारदानों में पलटी करवाकर निर्धारित मात्रा में रखा। केंद्र में अन्य पाँच किसानों ने भी धान को तौल करवाया और केंद्र में खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी रहा। इस खरीदी केंद्र में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा किसानों को टोकन कटवाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे किसान अपनी सुविधानुसार निर्धारित समय पर आसानी से धान बेच सके। धान खरीदी केंद्र प्रभारी ने बताया कि आने वाले दिनों में खरीदी की रफ्तार और तेज होगी तथा सभी पंजीकृत किसानों को समय पर टोकन उपलब्ध कराया जाएगा।

### पूरा सहयोग मिला





जमावाड़ा उपार्जन केंद्र में उपस्थित सभी किसानों ने, विशेषकर लच्छिंदर कश्यप, रामधर नाग और बिहारी लाल ने केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों के व्यवहार को अत्यंत सहयोगात्मक बताया। किसानों के अनुसार, कर्मचारियों ने न केवल धान की सही तौल सुनिश्चित की, बल्कि टोकन, बारदाना और भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं में भी किसानों को पूरा सहयोग दिया। छोटे बंदाम निवासी किसान रामधर नाग ने अपनी 2 एकड़ 80 डिसमिल भूमि से उपजाए गए धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने गत 17 नवंबर को अपना टोकन कटवाया था और आज वह 58 क्विंटल धान का विक्रय करने में सफल रहे। काकरवाड़ा के किसान बिहारी लाल ने अपनी 4 एकड़ 95 डिसमिल कृषि भूमि से उत्पादित धान को केंद्र में विक्रय किया। बिहारी ने बताया कि उन्हें भी 17 नवंबर को टोकन मिला था और आज वह 82 क्विंटल 80 किलोग्राम धान का विक्रय किया।

# 24 किलो गांजा के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

## तीन मामलों में बस्तर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ न्यायालय में किया गया पेश, गए जेल

अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार करने वाले तीन अलग-अलग मामलो में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 24 किलो गांजा बरामद किया गया है। तस्करों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मुखबिर सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही के लिए टीम तैयार कर पहले 16 नवम्बर की रात में सर्गीपाल रोड रेलवे सायडिंग के पास ग्राहक का इंतजार करते हुए मिलने पर आरोपी मेकु दास 58 वर्ष निवासी बड़े मारेंगा थाना परपा के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 2.700 किलोग्राम कीमत 27000 रुपए को आरोपी के कब्जे से जब्त कर गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्यवाही में 17 नवम्बर को बस स्टैंड में बस का इंतजार करते हुए दो आरोपी पारस खान उम्र 21 वर्ष तथा गोल्ड़न दर्जी पिता हरिदास उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी भगवा पूरा जिला दतिया मध्यप्रदेश के संयुक्त कब्जे से गांजा 15.620 किलोग्राम कीमत 1,56,200 रुपए को जप्त करते हुए दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर तथा तथा तीसरी कार्यवाही 17 नवम्बर को गुप्तेश्वर फेब्रिकेशन आड़ावाल के पास ग्राहक का इंतजार करते हुए मिलने पर आरोपी गुप्ता मलिंगा उम्र 23 वर्ष निवासी दुश्मनतपुर जिला कोरापुट ओडिशा के कब्जे से गांजा 5.994 किलोग्राम कीमत 59,900 रुपए को ▶▶ शेष पेज 10 पर



### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उनि लोकेश्वर नाग, सउनि सतीश श्रीवास्तव, दिनेश उसेंडी, प्रआर पवन श्रीवास्तव, अहिलेश नाग, सुनील मनहर, बलराम कश्यप, आरक्षक होरी लाल आर्मो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की, अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महापौर ने किया दो वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ गंगानगर में नाली-पुलिया राजेंद्र नगर में सड़क निर्माण की शुरुआत

नगर निगम क्षेत्र के दो अलग-अलग वार्डों में आज विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अधोसंरचना मद से आरंभ किए गए ये कार्य शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माने जा रहे हैं। गंगानगर वार्ड में रमजान चौक के पास आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की गई। यह कार्य अशफाक घर से बंटू भैया घर तक नाली निर्माण तथा पंप हाउस के समीप आरसीसी पुलिया निर्माण के रूप में किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि बरसात के मौसम में जलनिकासी की कमजोर व्यवस्था के कारण क्षेत्रवासियों को हर वर्ष भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। पुलिया व



नाली निर्माण के पूर्ण होने के बाद जलभराव से प्रभावी राहत मिलेगी तथा पानी की निकासी सुचारू हो सकेगी। गंगानगर के निवासियों ने इस कार्य को लेकर संतोष जताया और नगर निगम के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा,त्रिवेणी रंधारी,पार्षद आशा साहू,उर्मिला यादव, शशिनाथ पाठक, रमजान बेग सहित ▶▶ शेष पेज 10 पर

# एसडीएम ने किया धान संग्रहण केंद्र का निरीक्षण



**बीजापुर।** एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल ने आज धान संग्रहण केंद्र बीजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान तौल प्रक्रिया, स्टॉक रजिस्टर, किसान पंजीयन, सुरक्षा व्यवस्था तथा परिवहन प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। एसडीएम ने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों से संग्रहण कार्य में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए तौल मशीनों को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखा जाए और पंजीकृत किसानों के धान का समय पर उठाव किया जाए। उन्होंने धान की गुणवत्ता की जांच के लिए निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने पर भी जोर दिया। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान धान खरीदी और जारी टोकन इत्यादि के बारे में जानकारी ली।

# 131 हितग्राहियों को मिला अपना मोर मकान-मोर आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवासों का आवंटन

पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार, टाउन हॉल में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत धरमपुरा 208 यूनिट एवं हाटकचोरा 58 यूनिट में निर्मित बहुमंजिला आवासों के लिए लॉटरी के माध्यम से आवंटन प्रक्रिया संपन्न हुई। किराए के मकानों में निवासरत पात्र परिवारों से प्राप्त आवेदनों में से 10 प्रतिशत राशि जमा करने वाले 131 हितग्राहियों को 'मोर मकान-मोर आस' के तहत अपना घर प्राप्त हुआ। इसके साथ ही ऋण मेला का भी आयोजन किया गया।

लॉटरी प्रक्रिया में धरमपुरा स्थित मोटरू ब्रदर्स एवं ऊर्जा प्रॉपर्टी के 208 यूनिट, तथा हाटकचोरा स्थित ऊर्जा प्रॉपर्टी के 58 यूनिट के जी मॉडल आवास शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही,लक्ष्मण झा,योगेंद्र पांडे,संग्राम सिंह राणा,संजय विश्वकर्मा,अपर कलेक्टर सीपी बघेल,आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी, पार्षदगण एवं पीएम आवास योजना शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर संजय पांडे ने योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का, सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने हेतु चलाई जा रही है। पात्र हितग्राहियों को सरकार द्वारा चरणबद्ध आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे वे सुचारू रूप से अपना मकान बना सकें। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों का चयन सर्वे, ▶▶ शेष पेज 10 पर



### गरीब परिवारों के जीवनस्तर में आ रहा बड़ा परिवर्तन

महापौर ने कहा कि यह योजना शहर के विकास, सामाजिक सुरक्षा और नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। नगर निगम क्षेत्र के कमजोर आर्थिक वर्ग के परिवारों को प्राथमिकता से सूचीबद्ध कर लाभान्वित किया जा रहा है।

स्वावलंबी भारत अभियान ने विद्यार्थियों को दिए रोजगार के अवसर

# 'युवा शक्ति' नवाचार और स्वावलंबन से राष्ट्रनिर्माण में निभाएगी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा सामाजिक कार्य अध्ययनशाला के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया। इस भर्ती अभियान का संचालन स्वावलंबी भारत अभियान, छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. राम राकेश जंगीर, शंकर त्रिपाठी एवं योग कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय युवा शक्ति देश की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति है। उन्होंने कहा कि नवाचार, कौशल और स्वावलंबन के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान जैसी प्रतिष्ठित संस्था द्वारा विश्वविद्यालय में रोजगार अवसर उपलब्ध कराने को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी बताया। डॉ. राम राकेश जंगीर ने कहा कि स्वावलंबी भारत का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संकल्प होना चाहिए। संस्था युवाओं को प्रशिक्षण, अवसर और मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें सक्षम बना रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज की कमजोर एवं वंचित आबादी की सेवा में अपने कौशल और संवेदनशीलता को उपयोग करने की प्रेरणा दी।




### राष्ट्र निर्माण में दें योगदान

स्वावलंबी भारत अभियान युवाओं को प्रशिक्षण, अवसर और मार्गदर्शन देकर उन्हें स्वयं के पैरों पर खड़ा करने की दिशा में कार्यरत है। संस्था का उद्देश्य है कि युवा चुनौतियों को स्वीकार कर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में भूमिका निभाएं तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

प्लेसमेंट प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से संपन्न हुई, जिसमें एमएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष तथा पास-आउट विद्यार्थियों सहित लगभग 35 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। संस्था की ओर से सात विभिन्न पदों के लिए इंटरव्यू आयोजित किए गए। प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ स्वपन कुमार कोले ने स्वावलंबी भारत अभियान टीम के प्रति आभार व्यक्त करते ▶▶ शेष पेज 10 पर

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### 7 दिसम्बर को अमीन भर्ती परीक्षा

**कोण्डागांव।** जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 7 दिसम्बर को होगा। परीक्षा प्रदेश के 16 जिलों में आयोजित की जाएगी जिसमें लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। हालाँकि परीक्षा सीमित जिलों में हो रही है, लेकिन इसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। व्यापम ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अभ्यर्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन कर लें ताकि परीक्षा दिवस पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर उपस्थित होना होगा। मुख्य द्वार सुबह 11:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। फ्रिस्किंग और फोटोयुक्त पहचान पत्र से सत्यापन अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आएँ। वर्जित रंग काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैंगनी, गहरा चॉकलेटी। बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर ही अनुमत होगा जांच के दौरान उतारना होगा। धार्मिक, सांस्कृतिक वेशभूषा वाले अभ्यर्थियों को पहले रिपोर्ट करना होगा, अतिरिक्त जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा। फुटवियर में केवल चप्पल की अनुमति। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।

### ढाबा में चोरी, शटर को सब्बल से मोड़कर घुसे चोर

**कुरुद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया है। सोमवार की रात कुरूद बस स्टैंड स्थित देवेंद्र ढाबा में चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने शटर को सब्बल से मोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ढाबा संचालक के अनुसार लगभग 40 हजार रुपये की चोरी हुई है। गौरतलब है कि 5 दिन पहले कमला मेडिकल, अमित प्रोजिजन, पदनाप ट्रेडर्स में भी चोरी की घटना सामने आई थी, लेकिन अब तक किसी भी मामले में पुलिस को ठोस सफलता नहीं मिल पाई है।

### गांजा पीते युवक पकड़ाया

**धमतरी।** नशा उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर गांजा पी रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से ग्राम कोलियारी मोड़ भखारा स्थित सार्वजनिक स्थान पर एक युवक द्वारा अवैध रूप से गांजा पीने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां आरोपी मुकेश ठाकुर पिता कौशल ग्राम खुटेरी थाना मगरलोड निवासी कोलियारी मोड़ के पास सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम गांजा का सेवन कर रहा था। पुलिस ने युवक को रंगेहाथ पकड़ उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट धारा 27 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

# राम लला दर्शन योजना: कोंडागांव से 51 श्रद्धालु अयोध्याधाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

## अंबेडकर चौक से हरी झंडी दिखाकर कराया गया प्रस्थान

जिले के 51 श्रद्धालुओं का दल राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत मंगलवार रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। नगर के अंबेडकर चौक से रात 9 बजे नगरपालिका अध्यक्ष श्री नरपति पटेल ने हरी झंडी दिखाकर जत्थे को विदा किया।

नपा अध्यक्ष श्री पटेल ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेशवासियों को अध्यात्म और रामभक्ति से जोड़ने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह पहल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शिता और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम बताई गई। श्रद्धालुओं का जत्था पहले बस से राजनांदगांव तक पहुँचेगा, इसके बाद ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगा। सभी श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर दिखाई दिए।



### जनप्रतिनिधियों की रही विशेष उपस्थिति

जत्थे को रवाना करने के अवसर पर उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, कुलवंत चहल, पार्षद हर्ष ढिल्लन, उप संचालक पंचायत बलराम मोरे सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्र राम लला दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्याधाम की विशेष यात्र कराने के साथ उनकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से गहरा जुड़ाव स्थापित करना है।

## माटी ने बस्तर को नया आत्मविश्वास दिया : राजाराम

# नक्सलवाद की पीड़ा से उभरता बस्तर 'माटी' बनी नई सामाजिक चेतना की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में सामाजिक जागरण की नई लहर पैदा करने वाली फिल्म 'माटी' को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों व सदस्यों ने सामूहिक रूप से देखा। बस्तर की दर्द, संघर्ष और आशाओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करने वाली इस फिल्म ने समाज में नई चर्चा को जन्म दिया है।

■ बस्तर अब उजले भविष्य की ओर बढ़ रहा है : दशरथ

सर्व आदिवासी समाज, छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम ने फिल्म को बस्तर के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि बस्तरवासियों का जीवन सरल और प्रकृति के निकट रहा है, लेकिन नक्सलवाद ने इस सहज जीवन को गहरा घाव दिया। 'माटी' हमारे समाज की आत्मा को फिर से झकझोरने वाला संदेश देती है। अब बस्तर शांति की ओर लौट रहा है और विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।



फिल्म प्रदर्शन में अरुण नेताम, सदा, राम प्रसाद, अशोक कश्यप, विजय कुमार कश्यप, चमेली जेराम, दयामनी नाग, यशोदा नाग, कौशल नागवंशी सहित 100 से अधिक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर कहा कि 'माटी' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पीड़ा, संघर्ष और उम्मीदों का प्रतिबिंब है। समाज के सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि इस फिल्म से बस्तर की सच्ची छवि राष्ट्रीय स्तर पर उभरेगी और शांति व विकास की प्रक्रिया और गतिशील होगी।

### टैक्स फ्री करने की मांग

सर्व आदिवासी समाज के बस्तर जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा कि अब हमारा बस्तर करवट बदल रहा है। दशकों की पीड़ा और काली छाया से उबरकर बस्तर एक उजले भविष्य की ओर बढ़ रहा है। आदिवासी समाज का विकास और जागरण अब कोई नहीं रोक सकेगा। कश्यप फिल्म के चरित्र भीमा के संवाद से अत्यंत प्रभावित रहे, जिसमें आदिवासी समाज के हितों और नैतिक दायित्वों का प्रभावशाली उल्लेख है। उन्होंने कहा कि यह संवाद बस्तर के हर जागरूक आदिवासी की आत्मा की आवाज है। सामाजिक महत्त्व को देखते हुए दशरथ कश्यप ने छत्तीसगढ़ सरकार से फिल्म 'माटी' को टैक्स-फ्री करने की मांग भी रखी, जिससे अधिक से अधिक लोग इस संदेश से जुड़ सकें।

## नगर पालिका क्षेत्र में अब व्यापार अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में संचालित सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। अब कोई भी व्यक्ति व्यापार या दुकान खोलना चाहता है तो उसे नगर पालिका से व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करनी होगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना अनिवार्य है। लाइसेंस शुल्क वार्षिक आधार पर लिया जाएगा और प्रत्येक व्यापारी को 60 दिनों के भीतर लाइसेंस लेना होगा। आवेदन मिलने के 15 दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी अनुज्ञप्ति जारी करेगा, अन्यथा 15 दिन बाद इसे स्वीकृत माना जाएगा। विधिमान्य अनुज्ञप्ति के बिना व्यापार करते पाए जाने पर संबंधित परिसर को सील किया जाएगा और वार्षिक शुल्क के दोगुने के बराबर दंड लग सकता है। साथ ही अनुज्ञप्ति की प्रति का प्रदर्शित स्थान पर लगाना भी अनिवार्य होगा। केंद्र, राज्य, जिला प्रशासन तथा नगर पालिका द्वारा जारी आदेशों का पालन करना होगा। सक्षम प्राधिकारी किसी भी समय परिसर का निरीक्षण कर सकता है। नियम उल्लंघन की स्थिति में नोटिस जारी कर सुधार का निर्देश दिया जाएगा। पालन न करने पर वार्षिक शुल्क के 50 प्रतिशत के बराबर दंड या अनुज्ञप्ति निरस्त की जा सकती है। सरकार ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के लिए शुल्क तय कर दिया है।

■ हर दुकान और व्यवसाय के लिए ट्रेड लाइसेंस जरूरी

### गुमटी और वाहनों पर आधारित व्यापार के लिए अलग शुल्क

नगर पालिका क्षेत्र में गुमटी या कच्ची दुकान के लिए 150 रुपये वार्षिक शुल्क, मिनी ट्रक, जीप, पिकअप वैन पर व्यापार के लिए 300 रुपए शुल्क तय किय गया है। और ऑटो रिक्शा या तिपहिया के लिए 200 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

## श्रद्धाभाव से मनाई इंदिरा गांधी की जयंती ...



**कोण्डागांव।** कांग्रेस भवन मे देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व इंदिरा गाँधी की जयंती श्रद्धा भाव से मनाई गई।

### आपराधिक मामलों के लिए ई-समन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा शुरू

**कोण्डागांव।** जिला चिकित्सालय कोंडागांव में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा आपराधिक प्रकरणों के लिए ई–समन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा की शुरुआत 14 नवंबर 2025 से कर दी गई है। सिविल सर्जन–कम–मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल कोंडागांव से मिली जानकारी के अनुसार यह सेवा न्यायिक प्रक्रियाओं को और सुगम तथा गति प्रदान करेगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई–समन की सुविधा शुरू होने से आम लोगों को न्यायिक कार्य में आसानी होगी समय की बचत होगी मामलों के निपटारे में तेजी आएगी।

## बाबा साहेब सेवा संस्था कोण्डागांव में नई कार्यकारिणी का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था कोण्डागांव में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संस्था के पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर 12 नवंबर 2025 को कोर्ट चौक स्थित संस्था कार्यालय में संरक्षक मंडल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। बैठक में संस्था के नये जिला अध्यक्ष पद पर भुवन लाल मार्कंडेय को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इसी क्रम में संस्था के नये सचिव पद पर नरसिंह मंडावी को जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष श्रीनिवास, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश नाग, बैठक में वरिष्ठजनों तथा पदाधिकारियों की उपस्थिति कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक पंचू सागर, तिलक पांडे, पूर्व अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, रमेश पोयम, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष सानू मार्कंडेय, सिद्धार्थ महाजन, संदीप वाझिटकु मरकाम, वीरेंद्र टंडन, देवेंद्र कुमार देहारी, रमेश सहितसंस्था के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ भुवन लाल मार्कंडेय बने जिला अध्यक्ष नरसिंह मंडावी सचिव नियुक्त

## प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले में प्राकृतिक आपदा राहत निधि (आरबीसी 6–4) के तहत दो सर्पदंश मृतकों के परिजनों को कुल 8 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है। ग्राम बिंजोली के जयप्रकाश के परिवार को 4 लाख रुपए कड़ी तहसील अंतर्गत ग्राम बिंजोली जयप्रकाश की सर्पदंश से मृत्यु पर पत्नी बबीता, माता मनमति, पिता गणेश को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। ग्राम तुर्रेबेड़ा के हड़मे के 7 आश्रितों को 4 लाख रुपए, ग्राम तुर्रेबेड़ा निवासी हड़मे की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति लखीराम, पुत्र जयसिंह, गोविंद, पुत्री राधा, चांदनी, समली, सोबिला को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर की गई। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत राशि को शीघ्र ही वारिसों के बैंक खातों में जमा कराया जाए।

## औद्योगिक नीति 2024-30 पर संगोष्ठी कार्यशाला में दी गई नीतिगत जानकारियां

**कोण्डागांव।** औद्योगिक नीति 2024–30 के व्यापक प्रचार–प्रसार और उद्योगों तक इसके लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 18 नवम्बर को जिला पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में औद्योगिक नीति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्याज अनुदान और स्टाम्प शुल्क छूट सहित कई प्रावधानों की जानकारी संगोष्ठी में उद्योगों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों ब्याज अनुदान, अधोसंरचना लागत अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, तथा अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की गई।

■ जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ आयोजन

कार्यक्रम में प्रभारी महाप्रबंधक श्रीमती कुसुमलता नेताम एवं सहायक प्रबंधक श्रीमती नम्रता एल्मा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उपस्थित रहीं। उन्होंने उद्योग स्थापित करने में मिलने वाली सुविधाओं, निवेश प्रोत्साहनों तथा प्रक्रिया संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। संगोष्ठी में राइस मिल एसोसिएशन कोण्डागांव के अध्यक्ष हरिश गोल्छा, स्थानीय व्यवसायी, महिला समूह, डीआरपी हर्ष लाहोटी, अक्षत श्रीवास्तव सहित जिला पंचायत कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में पहल

*कार्यशाला का उद्देश्य जिले के उद्यमियों को नई औद्योगिक नीति के लाभों से अवगत कराना और उन्हें उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करना था। यह पहल जिले में औद्योगिक विकास की रफ्तार बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।*

## इवेंट में बस्तर शिल्प की अनूठी प्रदर्शनी, बुकलेट व पंपलेट वितरित

# कोंडागांव के शिल्पकारों को मिला नया मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और अंबुजा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से कोंडागांव जिले के बेल मेटल और लोहे के शिल्पकारों को रायपुर में आयोजित 'जोश' इवेंट में अपने पारंपरिक हस्तशिल्प प्रदर्शित करने का अवसर मिला। स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोग उपस्थित रहे। जोश इवेंट में लगाए गए विशेष स्टॉल में शिल्पकारों ने अपनी पारंपरिक बस्तर आर्ट, बेल मेटल व आयरन क्राफ्ट की मनमोहक वस्तुएँ प्रदर्शित कीं। लोगों ने बस्तर कला की न केवल सराहना की, बल्कि उत्साहपूर्वक खरीदारी भी की, जिससे कलाकारों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ।

■ बस्तर के शिल्पकारों को मिला बड़ा अवसर



### बुकलेट और पंपलेट वितरण से बढ़ी जागरूकता

कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों के बीच बस्तर शिल्पकारों से जुड़ने और उनके उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए बुकलेट व पंपलेट वितरित किए गए। आयोजन का उद्देश्य लोगों को शिल्पकारों की मेहनत और उनके पारंपरिक कौशल से परिचित कराना तथा कलाकारों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना रहा।

### शिल्पकारों की आजीविका को मिलेगा संबल

यह पहल बस्तर क्षेत्र के लोक कलाकारों को नए बाजारों से जोड़ने, उनके कारीगरी उत्पादों की पहुँच बढ़ाने और उनकी आजीविका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## पेज 9 के शेष

### 70 वर्षों में छीना गया ....

के आदिवासी अंचलों में 2000 किलोमीटर सड़क निर्माण कर रही है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, बाज़ार और प्रशासन तक पहुंच बेहद सुगम हो रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सल समस्या अब जड़ से कमजोर हो रही है। इसके साथ ही नेलानार योजना के माध्यम से भीतरू गांवों तक सड़क, बिजली और विकास की धारा तेज़ी से पहुँच रही है। आने वाले समय में बस्तर का हर गांव मुख्यधारा की गति से कदम मिलाएगा सांसद ने विश्वास जताया।

ये रहे उपस्थितः कार्यक्रम में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, बैदूराम कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 24 किलो गांजा ...

जप्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उपरोक्त तीन प्रकरण के सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### प्रतिष्ठानों और गोदामों ...

के दौरान कई स्थानों पर बिना वैध दस्तावेजों के धान का भंडारण पाया गया। कार्रवाई के तहत मे. शिवहरे ब्रदर्स गीदम से 25 बोरी, मे. गणेश ट्रेडर्स से 62.50 बोरी, मे. ऋषभ ट्रेडर्स से 75 बोरी, मे. सुराना ट्रेडिंग कंपनी से 50 बोरी और मे. अशोक किराना स्टोर्स गीदम से 87.50 बोरी धान जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 300 बोरी धान को कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर जप्त किया गया। इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम मनीष बघेल, मंडी सचिव एमएस मंडावी, खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार सोनवानी तथा खाद्य निरीक्षक सचिन कुमार मौजूद थे।

### महापौर ने किया ...

बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। राजेंद्र नगर वार्ड में राजीव गुप्ता घर से सुदामा श्रीवास्तव घर लाइन तक सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह सड़क लंबे समय से निर्माण की प्रतीक्षा में थी। इसके निर्माण से क्षेत्र में आवागमन और भी सुविधाजनक एवं सुरक्षित बनेगा।

### 131 हितग्राहियों को ...

दस्तावेज़ सत्यापन और निर्धारित मापदंडों के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाता है। जिन परिवारों के पास पक्का मकान नहीं है या अत्यंत कमजोर स्थिति में रह रहे हैं, उनके लिए यह योजना आजीवन स्थिरता और सुरक्षा प्रदान करती है।

### युवा शक्ति नवाचार ....

हुए कहा कि ऐसी पहल विद्यार्थियों को न केवल रोजगार देती है, बल्कि उन्हें समाज में नए अवसर सृजित करने के लिए भी प्रेरित करती है। यह सामाजिक कार्य एवं सामाजिक परिवर्तन की वास्तविक दिशा है। कार्यक्रम की सफल आयोजन टीम में डॉ तूलिका शर्मा, डॉ डिगेश्वर साहू एवं डॉ अनुष्का अतराम का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज की हुई बैठक



**बकावड।** विकासखंड बकावड अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में साहू समाज की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कन्या शाला में कराया गया न्यौता भोज



**बस्तर।** बस्तर के शासकीय कन्या शाला में मंगलवार को नगर पंचायत बस्तर के नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद समीर मिश्रा के जन्म दिवस पर बच्चों को न्यौता भोज कराया गया। इस अवसर पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी, प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा सहित स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे उपस्थित थे। इस दौरान पार्षद समीर मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से बच्चों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर बच्चों ने पार्षद समीर मिश्रा को जन्म दिवस की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ब्लॉक कांग्रेस की हुई बैठक व प्रशिक्षण

**बकावंड।** ब्लॉक कांग्रेस बकावंड एवं करपावण्ड की बीएलए प्रशिक्षण एवं बैठक ब्लॉक मुख्यालय बकावंड के सदभावना भवन में संभाग प्रभारी पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में संपन्न हुई। जैन ने संबोधन के माध्यम से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जोश एवं ऊर्जा भरा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ग्रामीण प्रेमशंकर शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवराम बिसाई, सोनाधर बघेल, गणेश राम बघेल, विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, जगमोहन बघेल, मोना पाढ़ी, तुलाराम सेठिया, नित्या चंद्राकर, निर्मला कश्यप एवं सभी मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मतदाता गणना पर्ची भरने लगाया शिविर



**दंतेवाड़ा।** सलवा जुडूम राहत शिविर कैंप कासोली में मतदाता गणना पर्ची भरने एवं एकत्रीकरण हेतु शिविर का आयोजन किया। इसमें ग्राम पीडियाकोट, चिंगेर, निराम, ओडसा, पल्लेवाया, करकावाडा, एकेली के अलावा बीजापुर जिले के कुल 50 परिवार और जिला नारायणपुर के ग्राम कुंजेवाडा, बेड़मा, के 15 परिवार मतदाता भी शामिल है जिनका 2003 के मतदाता सूची से मिलान अनुसार वर्तमान मतदान केंद्र 47 में एसआईआर ईएफ मतदाता गणना पर्ची भरने एवं एकत्रीकरण किया गया। जिसमे एसडीएम गीदम, मास्टर ट्रेनर्स, बीएलओ, सुपरवाइजर, ऑपरेटर ऑनलाइन एंट्री कार्य हेतु उपस्थित रहे।

### एसआईआर की राजनीतिक दलों को दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के संबंध में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित किए जाने के साथ-साथ कलेक्शन कर डिजिटाइजेशन करने की प्रगति के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों का बैठक जिला निर्वाचन कार्यालय में आज आयोजित किया गया।

# बालिकाओं ने किया सामाजिक सेवा और जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर




बस्तर के टाकरागुड़ा स्कूल प्रांगण में आयोजित एनएसएस शिविर में बुधवार को बालिकाओं ने भाटपाल में रायकेरा नाला में पानी रोकने के लिए रेत की बोरियां डालीं और सड़क का मरम्मत किया। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाकर अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सफाई किया।

महिला एवं बाल विकास के पर्यवेक्षक माया यादव ने छात्राओं को बाल विवाह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है, और इससे लड़कियों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने छात्राओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें इसके खिलाफ जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। बस्तर थाना पुलिस ने एनएसएस शिविर में बालिकाओं को नशा मुक्ति, साइबर फ्रॉड, और ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। पुलिस ने बताया कि नशा एक गंभीर समस्या है और इससे हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बालिकाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें इसके खिलाफ जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी और बालिकाओं को इनसे बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा एनएसएस प्रभारी रीना आईजक, कृष्ण कुमार मरावी, निरंजन वैध, अजीत मरकाम सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त का हस्तांतरण 19 नवंबर को कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर में लाइव प्रसारण के माध्यम से आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की।

इस अवसर पर दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण बीजापुर के किसानों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती को भविष्य की टिकाऊ कृषि का आधार बताते हुए किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

बीजापुर जिले में 16,663 किसानों को इस किस्त के माध्यम से लगभग 3.33 करोड़ रुपये की राशि उनके बैंक खातों में जमा हुई है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों को विभिन्न योजनाओं और कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी उप संचालक कृषि पी.एस. कुसरे, सहायक संचालक उद्यानिकी आर.सी. राव, वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख अरुण सकनी, कार्यक्रम सहायक कीट विज्ञान अरविंद आयम तथा डा. दिनेश मरापी, प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा दी गई।

## जनजाति समाज के शिक्षक, व्याख्याताओं व छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

# जनजाति गौरव दिवस आदिवासी समाज में जन्मे असंख्य महापुरुषों को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में जनजाति गौरव माह अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत-ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बस्तर सांसद महेश कश्यप गोरख नाथ बघेल एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम की

■ **सांसद ने कालेज के छात्र व छात्राओं के साथ किया संवाद**

शुरुवात भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, धरती आंबा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधत करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस केवल भगवान बिरसा मुंडा ही नहीं, आदिवासी समाज में जन्मे असंख्य महापुरुषों को समर्पित है, ब्रिटिश हुकूमत द्वारा अपने जल, जंगल, ज़मीन, जनजाति पहचान एवं स्वतंत्रता पर संकट देखकर उसके रक्षण के लिए शोषणवादी अंग्रेजी सत्ता के विरोध में उलगुलान आंदोलन करने वाले धरती आबा की उपाधि से विभूषित भगवान बिरसा मुंडा की यह 150 वी जयंती का वर्ष है।

अंग्रेजों के खिलाफ़ सशस्त्र विद्रोह करने के कारण वह गिरफ्तार हुए एवं जेल में ही 9 जून 1900 को उनका बलिदान हो गया। उनकी संघर्षमय स्मृति को चिरस्थायी रूप देने एवं उनसे युवा पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त कर सके, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। भगवान बिरसा मुंडा ने दुर्व्यसनों से रहित जीवन, अंधविश्वास से मुक्ति एवं अपनी भूमि के प्रति स्वाभिमान का भाव जनजाति समाज को सिखाया। उन्होंने शोषण के प्रति आवाज उठाते हुए बेगारी प्रथा का विरोध किया। ब्रिटिश सत्ता को लगान न देने का आह्वान कर उन्होंने उलगुलान आंदोलन को प्रारंभ किया। उनका नारा था अबुआ राज़ एते जाना, महारानी राज टुंडू जीना। हमारा शासन शुरू हो, रानी का शासन समाप्त हो।

कश्यप ने कहा कि नागालैंड की महारानी गाइडन्यू जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ़ विद्रोह किया एवं स्वधर्म के स्वाभिमान के लिए हरक्का आंदोलन चलाकर नागा समाज में मतांतरण का विरोध किया। राजस्थान में जन्मे गोविंद गुरु भील समाज में अध्यात्म, समाज सुधार एवं शोषण के खिलाफ़ आंदोलन के प्रतीक बन गये। रानी दुर्गावती, तिलका माजी, अल्लूरी सीताराम राजू, कोरम भील, टाट्या भील, सिद्धू कानू मुर्मू आदि जनजाति समाज के महानायकों के बिना भारत का इतिहास अधूरा है।

उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक फैले जनजातीय समाज ने स्वतंत्रता के आंदोलन, धर्म-संस्कृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाई है। संपूर्ण भारतवर्ष इन सभी महापुरुषों का सदैव ऋणी रहेगा। वर्तमान में भी मैरीकॉम मुक्केबाजी में, कोमालिका बारी धनुर्विद्या एवं दिलीप तिर्की हॉकी जैसे अनेक जनजातीय नौजवान अनेक विधाओं के माध्यम से देश का नाम उज्ज्वल कर रहे है।

मुख्य वक्ता गोरख नाथ बघेल ने भी भगवान बिरसा मुंडा, जनजाति समाज के क्रांतिकारियों के जीवनी एवं जनजाति समाज के गौरव पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य दिनेश कुमार लहरी ने किया। जनजाति समाज के शिक्षक, व्याख्याताओं एवं छात्र छात्राओं का अतिथियों द्वारा विशेष

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राहुल असरानी, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, जिला पंचायत सदस्य तिलेस्वरी नागेश, सरपंच ग्राम पंचायत चितालंका मुन्नी भास्कर उपस्थित रहे। इस दौरान जनभागीदारी समिति सदस्य प्रियंका बेहरा, राजेश बोरबन, गौतम भाठी, डे नारायण, प्राचार्य डॉ. के एम प्रसाद, डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्नबाला मोहंती, डॉ. धारणा ठाकुर एवं अन्य शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# पुराना मार्केट बस स्टैंड का स्लैब गायब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

शहर के पुराने मार्केट स्थित बस स्टैंड की यह कहानी जितनी अजब है, उतनी ही गजब भी। लाखों रुपये खर्च कर विशाल बस स्टैंड तो बना दिया गया, लेकिन आने-जाने के लिए स्लैब लगाना

■ **चढ़ने उतरने में ग्रामीणों को हो रही परेशानी**

शायद जिम्मेदार अधिकारियों को याद ही नहीं रहा। आखिर इतनी छोटी सी बात उनके ध्यान में कैसे आ सकती है, यह आम जनता की सुविधा की जो ठहरी।

बस स्टैंड का उपयोग सबसे ज़्यादा ग्रामीण और गरीब यात्री करते हैं, जो रोज़मर्रा में बस से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। लेकिन उनके लिए चढ़ना उतरना आज भी एक चुनौती बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी और




नेता तो वैसे भी सरकारी या निजी वाहनों में घूमते हैं उन्हें स्लैब की क्या जरूरत।

स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब इतना बड़ा ढांचा तैयार किया गया, तो सुलभता जैसी मूलभूत सुविधा क्यों छोड़ दी गई। क्या यह योजना में भूल थी या जिम्मेदारों की लापरवाही। इस पर अब बहस तेज है।

जनता की मांग है कि जल्द से जल्द बस स्टैंड में स्लैब बनाकर ग्रामीणों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए आने-जाने की समस्या का समाधान किया जाए।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में हुआ प्रॉब्लम सॉल्यूशन फिट पर सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा द्वारा नवाचार एवं स्टार्टअप मानसिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का विषय था समस्या-समाधान फ़िट प्राप्त करना जिसमें क्वालिटी सर्कल फ़ोरम ऑफ़ इंडिया, भिलाई चैप्टर से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ सुनील कुमार त्रिवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन दिया।

सत्र की शुरुआत संस्थान के प्राचार्य द्वारा अतिथि स्वागत के साथ हुई। त्रिवेदी ने बताया कि किसी भी स्टार्टअप या नवाचार की सफलता उसकी क्षमता पर निर्भर करती है कि वह वास्तविक समस्याओं को समझकर उनका उपयुक्त समाधान प्रस्तुत कर सके। उन्होंने छात्रों को प्रॉब्लम आइडेंटिफिकेशन, कस्टमर नीड एनालिसिस, रूट कॉज़ एनालिसिस और वैल्यू प्रपोज़ीशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने विभिन्न उद्योगों के उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे कई स्टार्टअप केवल इसलिए सफल होते हैं क्योंकि वे समस्या को गहराई से समझते हैं और समाधान को उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालते हैं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने सरल और व्यावहारिक उत्तर दिया। प्राचार्य ने बताया कि ऐसे सत्रों का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इस आयोजन ने छात्रों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया, जिससे वे भविष्य में नवाचार आधारित परियोजनाओं को और भी प्रभावी ढंग से विकसित कर सकेंगे।

### जिला कार्यालय में हुआ नशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण

**दंतेवाड़ा।** अपर कलेक्टर राजेश कुमार पात्रे द्वारा नशामुक्त भारत अभियान की 5 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला कार्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ नशा मुक्त भारत अभियान की उपलब्धियों को उजागर करने, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने और नशामुक्त समाज की निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्ध शपथ लिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस शपथ कार्यक्रम में बताया गया कि युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं जिनका समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल



आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत दरभा ब्लॉक में पोस्ट ऑफ द मंथ अक्टूबर माह के ब्लॉक स्तर के विजेता शिक्षकों को प्रमाणपत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। विनोबा टीम से नीलम अग्रवाल ने बताया कि विनोबा एप शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। उत्कृष्ट गतिविधियों को क्रियान्वित करने वाले शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना जाता है। पोस्ट ऑफ द मंथ के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक किरण तिवारी प्राथमिक शाला धीरागुड़ा चितापुर, प्रमोद मरावी हायर सेकण्डरी स्कूल छिन्दबहार, गोमती ठाकुर कन्या आश्रम शाला चितापुर, निक्की नरेटी माध्यमिक शाला चितापुर को खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बीआरसी समलू राम कश्यप, एबीईओं शेख तौफिक, सीएसी जयप्रकाश तिवारी, विनोबा टीम से नीलम अग्रवाल, हेमन्त चंद्राकर के द्वारा शिक्षको को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बीईओं जगदीश पात्र ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने,विद्यालय स्तर की विविध शैक्षणिक गतिविधियों को साझा करने का अवसर शिक्षकों को मिल रहा है। इससे शैक्षिक गतिविधियों की पहचान होती है।शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए बुधवार को ब्लॉक स्तर के पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेताओं को बीआरसी भवन दरभा में सम्मानित किया गया।

# सम्पूर्ण व्यवस्था के साथ धान खरीदी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला बीजापुर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु 30 उपार्जन केन्द्र बनाये गये सभी उपार्जन केन्द्रों में जिला प्रशासन के सहयोग से 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हो चुका है।

गत वर्ष खरीफ में 18033 कृषकों ने जिले में धान विक्रय किये गये थे। इस वर्ष 18978 कृषकों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है मिली जानकारी के अनुसार जिले के 8 उपार्जन केन्द्रों में 155.20क्विटल खरीदी की जा चुकी है। सभी केन्द्रो में पुराने एवं नये बारदानों को पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। जिन कृषकों का नया पंजीयन या कैरी फारवर्ड में नाम छुट गया है वे कृषक तहसीलदार के पास जाकर 25 नवम्बर 2025 तक नवीन पंजीयन एवं कैरी फारवर्ड करा सकते हैं।

कृषकों को उपार्जन केन्द्रों में किसी प्रकार की अव्यवस्था या परेशानी न हो इस हेतु कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। कृषक टोकन तुंहर हाथ एप से प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक टोकन स्वयं अपने फोन से काट सकते हैं।एवं समिति में किसान अपना टोकन रविवार से शुक्रवार तक कटवा सकते है।

### 10 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिकों के मृत्यु के प्रकरण में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए कुल 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# किसानों ने लाइव प्रसारण देखा व 32 कृषकों को बीज वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के ऑडिटोरियम में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर 32 किसानों को द्विफसली फसल विस्तार योजना के तहत बीज वितरण किया गया।

### किसानों के खाते में पहुंची 21वीं किस्त

बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त किसानों के खाते में डाल दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त दो, दो हजार रूपये 9 करोड़ किसानों के खातों में ट्रांसफर कर दी है। किसानों के खातों में 2000 आने के बाद किसानों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, रविशंकर शुक्ला, किरण सेठिया, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दुर्गावती दूधी, कृषि विकास अधिकारी गोविंद नाग, संतोष मौर्य, अजय ध्रुव, भूपेंद्र हेड़उ, लेमेश पांडे, शिवेंद्र वर्मा, रुक्मणी गेंडरे, कृष्णा मरावी सहित अन्य ग्रामीण व विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

# मेगा बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ 21 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिला प्रशासन, पुलिस विभाग (गृह) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में और जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के कुशल मार्गदर्शन में जिला स्तरीय मेगा बस्तर ओलंपिक का आयोजन 21 से 22 नवंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा एवं इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। जिले के सभी विकासखंडों से चयनित कुल 979 जूनियर, सीनियर, महिला, पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। वहीं हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों का चयन सीधे जिला स्तर पर किया गया है।

दो माह तक चले इस आयोजन में 20 सितंबर से 22 अक्टूबर तक खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया, जिसमें कुल 47,752 प्रतिभागियों ने नाम दर्ज कराया। विशेष बात यह रही कि इस बार महिलाओं का पंजीयन पुरुषों से अधिक रहा। ज्ञात हो कि पंजीयन की शुरुआत उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव द्वारा दंतेवाड़ा मंदिर प्रांगण से की गई थी।

प्रतियोगिता को लेकर पूरे जिले में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। इस क्रम में कहीं रंगोलियों के माध्यम से, कहीं दीयों, रैली और मुनादी द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने प्रेरित किया गया। बस्तर ओलंपिक का शुभंकर 'वन भैंसा' भी नगर एवं ग्राम्य क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को आयोजन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करता रहा। क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने शुभंकर चयन को वन्यजीव संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश बताया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी जयंत नाहटा ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन के सुचारू संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर मूलचंद चोपड़ा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

Know all men be notice that I, B.Subeer S/O B.Samar, residing at Qtr. No. Type/III NDS/292 Main Market Kirandul Dist. Dantewada C.G. PIN 494556 have changed my name and shall here after be known as Subeer Biswas for all purposes.

**B. Subeer**

## खबर संक्षेप

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ कल से

**जगदलपुर।** जिले के सातों विकासखण्ड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 21 नवम्बर से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन से संबंधित प्रचार-प्रसार और जागरूकता गतिविधियों कार्यान्वित करना है साथ ही लक्षित दंपतियों को परिवार कल्याण संबंधी परामर्श देना है, ताकि जनसंख्या को स्थिर किया जा सके। इस पखवाड़े के आयोजन को दो चरणों में विभाजित किया गया है। प्रथम चरण 21 नवम्बर से 27 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें परिवार नियोजन के महत्व पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा। जनसंख्या स्थिरीकरण के दूसरे चरण का आयोजन 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होगा।

### जेम पोर्टल के उपयोग पर दिया गया प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** शासकीय विभागों में खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, सरकारी ई-मार्केटप्लेस जेम पोर्टल के उपयोग पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को जेम पोर्टल के माध्यम से होने वाली सरकारी खरीदी की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस दौरान जेम रिसोर्स पर्सन राकेश तिवारी द्वारा जेम पोर्टल पर पंजीकरण, उत्पादों और सेवाओं का चयन, बिडिंग प्रक्रिया और ऑर्डर प्लेसमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जेम पोर्टल केंद्र सरकार की एक पहल है, जो सरकारी विभागों को सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए एक ऑनलाइन मंच प्रदान करता है, जिससे समय की बचत होती है और खरीदी में अधिक पारदर्शिता आती है।

# 63 हजार से अधिक किसानों के खातों में पहुंची 12 करोड़ 75 लाख की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर से एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21 वीं किश्त का हस्तांतरण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश भर के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तांतरित की। इसी कड़ी में बस्तर जिले के 63 हजार 773 किसानों को इस किश्त के अंतर्गत कुल 12 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय कार्यक्रम में कृषकों की ऑनलाइन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में

## किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त जारी



### बैंक खाते से आधार लिंक कराने किया प्रेरित

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप संचालक राजीव श्रीवास्तव ने एग्रीस्टेक ऑनलाइन पोर्टल के महत्व को समझाया और किसानों को बैंक खाते से आधार लिंक कराकर किसान सम्मान निधि का लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित कृषक संघों एवं कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि, कृषि उपज मंडी से विरेन्द्र कुमार दिल्लीवार तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक धर्मपाल केरकेटटा, डॉ. राहुल साहू, दुष्यंत पाण्डेय, श्वेता मंडल, सहित कृषि विभाग के सुधराम नेताम, लखनधर दीवान, गुरु प्रसाद नेताम और विक्रम भदौरिया जैसे प्रमुख अधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

कुम्हरावंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से 160 कृषक इस आयोजन में शामिल हुए और ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना तथा लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के आरंभ में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संतोष नाग ने अपने स्वागत उद्बोधन के साथ ही केंद्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप ने कृषकों को आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया। वहीं जनपद पंचायत के कृषि सभापति भूपेंद्र ठाकुर ने किसानों को जैविक खेती अपनाकर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की सलाह दी। प्रगतिशील कृषक नील कुमार बघेल ने कृषकों को रासायनिक उर्वरक का संतुलित प्रयोग करने की बात कही।

## कमिश्नर ने दिए स्कूलों-आंगनबाड़ी एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

# योजनाओं के क्रियान्वयन में उपलब्धि हासिल करने करें बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर हरेक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। साथ ही इन योजनाओं के क्रियान्वयन में उपलब्धि हासिल करने के लिए टीम भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करें। स्कूलों-आंगनबाड़ी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में विद्युतीकरण एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वहीं दूरस्थ ईलाके के आंगनबाड़ी केंद्रों पर समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता हेतु रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर भर्ती करने सहित अंदरूनी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यों में सहायता के लिए मितानिनों की नियुक्ति जल्द किया जाए। उक्त निर्देश कमिश्नर ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय सहित लक्षित बालिकाओं को सरस्वती सायकल योजनांतर्गत निःशुल्क सायकल प्रदाय जल्द सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों के मैदानी अमले के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने कहा। कमिश्नर ने संभाग के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में अद्यतन प्रगति लाने पर बल देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने पर जोर देते हुए कहा कि चयनित योजनाओं के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को लाभान्वित किए जाने पर ध्यान केंद्रित करें। इस दिशा में नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में ज्यादा फोकस किया जाए और निर्धारित लक्ष्य के आधार पर योजना क्रियान्वयन को वरीयता दी जाए।

### स्कूलों में न्यौता भोज आयोजन पर बल

कमिश्नर ने स्कूलों में न्यौता भोज आयोजन स्थिति की समीक्षा करते हुए वर्तमान सत्र में सभी स्कूलों में माहान्त तक एक बार न्यौता भोज आयोजन करने के लिए सम्बंधित जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही सभी जिलों के शत-प्रतिशत स्कूलों में दो बार से अधिक न्यौता भोज आयोजन किए जाने कहा। उन्होंने न्यौता भोज के लिए सभी ग्राम पंचायतों के सहयोग सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की सहभागिता पर बल दिया। साथ ही पंचायत पदाधिकारियों एवं प्रमुख लोगों की जनसहभागिता से न्यौता भोज का आयोजन किए जाने कहा।

### क्षय रोग एवं मोतियाबिंद मुक्त बस्तर बनाने करें प्रयास

कमिश्नर ने क्षय रोग एवं मोतियाबिंद मुक्त बस्तर बनाने के लिए क्षय रोग एवं मोतियाबिंद पीड़ितों की पहचान के उपरांत उनका सघन उपचार हेतु जनसहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि क्षय रोग पीड़ितों की मदद हेतु ग्राम पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों, समाजसेवी संगठनों सहित अधिकारियों-कर्मचारियों को निक्षय मित्र बनाएं और इन क्षय पीड़ितों को आवश्यक पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाएं। साथ ही ग्राम पंचायतों एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के सहयोग से क्षय पीड़ितों को नियमित तौर पर समझाइश दी जाए।

बैठक में डिप्टी कमिश्नर गीता रायस्त सहित कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ यांत्रिकी, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, क्रेडा, नगरीय प्रशासन, कोष-लेखा एवं पेंशन विभागों के संभागीय अधिकारी और खाद्य, समाज कल्याण, मछली पालन, उद्यानिकी विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग के जिला अधिकारी वर्चुअल तौर पर जुड़े रहे।

## बस्तर ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प



**जगदलपुर।** राष्ट्रव्यापी नशामुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज पूरे बस्तर जिले में नशा मुक्ति की शपथ लेने का एक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले के प्रशासनिक मुख्यालय से लेकर दूरस्थ अंचलों तक सभी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने इस महाअभियान में अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

- 5वीं वर्षगांठ पर अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने ली शपथ

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार आज सुबह से ही जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में हजारों लोगों ने नशे को ना कहने और देश को नशामुक्त बनाने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप बस्तर जिले में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की गई। कलेक्टोरेट से लेकर सबसे छोटी ग्राम पंचायत तक प्रत्येक शासकीय इकाई ने इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने न केवल स्वयं नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा ली, बल्कि उन्होंने अपने परिवार, मित्रों और समुदाय को भी इस बुराई से बचाने का दृढ़ संकल्प दोहराया।

# महापौर ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




विश्व टॉयलेट डे के अवसर पर बुधवार को शहीद पार्क के समीप स्थित सुलभ शौचालय परिसर में नगर निगम द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल स्वच्छता का संदेश लेकर आया, बल्कि नागरिकों में जागरूकता की ऐसी लहर भी जगाई जिसने कार्यक्रम को सार्थक और प्रभावशाली बनाया।

- विश्व टॉयलेट डे पर जागरूकता की अनूठी पहल

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साफ-सुथरे,सुरक्षित और सुव्यवस्थित शौचालयों के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना था,क्योंकि स्वच्छ शौचालय केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, गरिमा और सामाजिक समानता का प्रतीक हैं। महापौर संजय पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छ शौचालयों से ही रखी जाती है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता को केवल आदत नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए।

इस अवसर पर नगर निगम की टीम ने सफाई अभियान चलाते हुए शौचालयों की स्वच्छता, दैनिक रखरखाव और इसके स्वास्थ्य संबंधी महत्व पर नागरिकों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता संदेशों का प्रसार कर लोगों को जागरूक किया गया। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर निगम की इस पहल को सराहनीय बताते हुए स्वच्छ जगदलपुर की दिशा में सहयोग का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, अनिल सामंत, पंकज आचार्य, योगेश पांडे तथा श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेस प्रा. लिमिटेड के सदस्य रामू भारतीया, पल्लव दातारकर, अनेश कश्यप, लता बेसरा, नमिता कश्यप, रोहित बेहरा, विशाल गुप्ता, तामेश्वरी साहू, साक्षी सिंह, नेहा सिंह, रितु यादव, रीना नेताम, दिव्या, रेशमा बघेल, अंजली सेन और पायल उपस्थित रहे।

### लिया स्वच्छता का संकल्प

महापौर पांडे ने कहा स्वच्छ शौचालय केवल सुविधा नहीं, नागरिकों की गरिमा और स्वास्थ्य की रक्षा है। स्वच्छता अभियान के तहत सुलभ शौचालयों की सफाई, रखरखाव और स्वच्छता संदेशों का व्यापक प्रसार-प्रचार कर नागरिकों ने स्वच्छ जगदलपुर के निर्माण में सहयोग का लिया संकल्प लिया।



# शताब्दी वर्ष समारोह में मिले वर्ष 1983 बैच के दोस्त

**जगदलपुर।** शहर के जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में वर्ष 1983 बैच के दोस्तों के साथ पुराने दिनों की याद किया। क्लास रूम में भी बैठे जिनमें अतिरिक्त सीई सीएसपीडीसीएल राजेश राठौर, ईई सीएसपीडीसीएल एसएन पाठक, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ दिनेश देवांगन, एसएन साहा उपस्थित रहे।

# चापापदर में मना राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला टिका करण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के दिशा निर्देश, खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदशन में सेक्टर मंगनार के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मूली के ग्राम चापापदर के आंगनबाड़ी में राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. मैत्री ने उपस्थित गर्भवती माता, शिशुवती माताओं के नवजात शिशु की देखभाल करने के फायदे बताये एवं छह माह तक केवल स्तनपान कराने के साथ ही छह माह के बाद उपरी आहार देने के लिए कहा। इस वर्ष भारत सरकार के थीम नवजात शिशु सुरक्षा-हर स्पर्श हर बार हर शिशु है। जन्म के एक घंटे के भीतर मां का पहला पीला गाढ़ा दूध जिसे ग्रामीण भाषा में चिकी गोसर कहते हैं उसे अवश्य पिलाना चाहिए। छह महीने तक केवल मां का दूध दे कोई बाहरी आहार या पानी न दें। जन्म के तुरंत बाद विटामिन के की खुराक बीसीजी ओपीवी शून्य और हेपेटाइटिस-बी का टीके लगवाएं।

# जिला अधिवक्ता संघ की बैठक में आगामी चुनाव की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला अधिवक्ता संघ की सामान्य सभा की बैठक मंगलवार को ग्रंथालय कक्षा में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2025-27 के लिए चुनाव की घोषणा की गई, जिसके लिए चुनाव अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक अहमद खान की सर्वसम्मति से नियुक्ति हुई। साथ ही बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के सचिव लिखेश्वर जोशी द्वारा 2023 से 25 तक संघ के आवक-जावक का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्षई अरुण दास ने उनके कार्यकाल के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में हनुमान मंदिर की स्थापना को देते हुए कहा कि सभी अधिवक्ता साथियों का इसमें सहयोग रहा। वर्तमान नवनियुक्त चुनाव अधिकारी ने सभी अधिवक्ताओं को यह आस्वस्थ किया कि आगामी 20 दिसंबर तक चुनाव संपन्न करा लिया जाएगा। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्रा एवं अन्य अधिवक्ताओं ने भी अपने सुझाव एवं विचार रखा। सामान्य सभा में काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

- चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता ने 20 दिसंबर तक चुनाव कराने का दिया आश्वासन

# खेलभावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विद्यार्थियों ने जीता सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्राथमिक अनुभाग के अंतर्गत संचालित न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर में आज 19 नवंबर 2025 को संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट्स मीट 2025 का उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। जगदलपुर संकुल के आठ केन्द्रीय विद्यालयों से कुल 129 विद्यार्थियों (80 बालक व 49 बालिका) ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।

- संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो डॉ मणि शंकर मिश्रा (अंग्रेजी विभाग, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय) एवं डॉ रमेश चंद्र खूंटे (आयुष विभाग,महारानी अस्पताल) की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। विद्यालय प्राचार्य राज कुमार आसनानी ने सभी खिलाड़ियों व अनुरक्षकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागियों को खेलभावना,अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने शानदार कौशल दिखाया। रिले रेस बालक-बालिका में केंद्रीय विधालय जगदलपुर प्रथम रहा। 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में केंद्रीय विधालय नारायणपुर तथा बालिका वर्ग में केंद्रीय विद्यालय बचेली विजेता रहे। रोचक लेमन-स्पून रेस में केंद्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा ने बाजी मारी। मुख्य आकर्षण रही हुला हूप प्रतियोगिता,जिसमें केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर की श्रव्य शर्मा और केंद्रीय विधालय दंतेवाड़ा की अवनि धुर्वे ने संयुक्त प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंतिम मुकाबले डॉज बॉल में केंद्रीय विधालय सुकमा विजयी रहा। समग्र अंकों के आधार पर केन्द्रीय विद्यालय जगदलपुर प्रथम तथा केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## स्टायलो को मिला रजत व स्वर्ण पदक

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 12 से 16 नवंबर तक उत्तराखण्ड राज्य की राजधानी देहरादून में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के बैडमिंटन में महिला ओपन युगल में स्टायलो मंडावी एवं रमा दत्ता को रजत पदक मिला। लॉन टेनिस में महिला ओपन युगल में स्टायलो मंडावी एवं पाखी भट्ट को स्वर्ण पदक मिला। सुश्री मांडवी वन विभाग के जगदलपुर वृत्त की मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) एवं इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर की क्षेत्रीय निदेशक पदस्थ हैं।

